भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-435
बुधवार, 20 नवम्बर, 2019/29 कार्तिक, 1941 (शक)

नेशनल करियर सर्विस के तहत आयोजित
रोजगार मेले

435. श्री अहमद हसनः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) के तहत राज्य-वार कितने रोजगार मेलों का आयोजन किया गया तथा विगत तीन वर्षों में कितने नियोजन संगठनों ने इनमें भाग लिया; और

(ख) क्या नेशनल करियर के नाम पर वेबसाइटों/नियोक्ताओं/जाली कंपनियों द्वारा की गई धोखाधड़ी की घटनाएं हुई हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे कदाचार से निपटने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): राष्ट्रीय करियर सेवा के तहत विगत तीन वर्षों में आयोजित किए गए रोजगार मेलों की संख्या 2,819 है तथा रोजगार मेलों में भाग लेने वाले नियोक्ताओं (नियोजन संगठनों सहित) की संख्या 24,828 है। राज्य-वार ब्यौरे अनुबंध में हैं (अनुबंध-I)।

(ख): एनसीएस, पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपनी सेवाओं हेतु कोई शुल्क वसूल नहीं करती है तथा इसके संबंध में एनसीएस पोर्टल पर पहले से ही डिस्कलेमर उपलब्ध है। एनसीएस ऐसे कदाचारों के विरूद्ध प्रयोगकर्ताओं को चेताने के लिए नियमित एसएमएस एवं ई-मेल भी भेजती है। इसके अतिरिक्त, जब भी किसी जाली कंपनी की कोई घटना मंत्रालय के नोटिस में आती है, तो प्रयोगकर्ताओं को इसके बारे में अवगत कराने हेतु चेतावनी नोटिस एनसीएस पोर्टल पर विशिष्ट रूप से दर्शाया जाता है।

अनुबंध– I

श्री अहमद हसन द्वारा "नेशनल करियर सर्विस के तहत आयोजित रोजगार मेले" के बारे में पूछे गए राज्य सभा के दिनांक 20.11.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 435 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

विगत तीन वर्षों में राष्ट्रीय करियर सेवा परियोजना के तहत आयोजित किए गए रोजगार मेलों तथा रोजगार मेलों में भाग लेने वाले नियोक्ताओं (नियोजन संगठनों सहित) का राज्य-वार विवरण।

क्र.सं.	राज्य	2016-17		2017-18		2018-19		योग	
		रोजगार मेले	भाग लेने वाले नियोक्ता	रोजगार मेले	भाग लेने वाले नियोक्ता	रोजगार मेले	भाग लेने वाले नियोक्ता	रोजगार मेले	भाग लेने वाले नियोक्ता
1	अण्डमान और निकोबार	0	0	0	0	4	94	4	94
2	आंध्र प्रदेश	32	44	46	123	61	61	139	228
3	असम	3	18	23	178	56	240	82	436
4	बिहार	6	76	32	286	43	221	81	583
5	चंडीगढ़	0	0	0	0	0	0	0	0
6	छत्तीसगढ़	45	78	95	187	64	124	204	389
7	दिल्ली	1	41	3	103	3	114	7	258
8	गोवा	2	57	1	70	0	0	3	127
9	गुजरात	90	1024	131	1568	194	2287	415	4879
10	हरियाणा	5	9	55	172	49	309	109	490
11	हिमाचल प्रदेश	21	18	49	85	32	124	102	227
12	जम्मू और कश्मीर	1	4	11	51	3	3	15	58
13	झारखंड	4	145	39	323	38	143	81	611
14	कर्नाटक	5	69	8	180	13	313	26	562
15	केरल	0	0	14	151	10	42	24	193
16	मध्य प्रदेश	20	291	137	955	144	1005	301	2251
17	महाराष्ट्र	6	51	28	485	49	833	83	1369
18	मणिपुर	0	0	4	19	30	56	34	75
19	नागालैंड	0	0	0	0	0	0	0	0
20	ओडिशा	10	103	35	154	75	189	120	446
21	पुडुचेरी	2	37	0	0	0	0	2	37
22	पंजाब	30	46	71	270	110	165	211	481
23	राजस्थान	15	333	35	289	25	136	75	758
24	सिक्किम	1	3	2	1	3	6	6	10
25	तमिलनाडु	15	193	79	1679	156	2633	250	4505
26	तेलंगाना	33	398	51	637	31	161	115	1196
27	त्रिपुरा	4	10	0	0	0	0	4	10
28	उत्तर प्रदेश	27	252	104	3215	91	460	222	3927
29	उत्तराखंड	14	54	36	263	31	249	81	566
30	पश्चिम बंगाल	3	9	12	26	8	27	23	62
सकल योग		395	3363	1101	11470	1323	9995	2819	24828*

*** हो सकता है कुछ नियोक्ताओं (नियोजन संगठनों सहित) ने एक से अधिक रोजगार मेलों में भाग लिया हो।**